आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 06.01.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- द्वीप पर्यटन उत्सव का कल समापन हो गया।

- नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा श्री विजयपुरम में प्रथम तिरंगा फहराए जाने की स्मृति में द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में सुभाष मेले का आयोजन किया जा रहा है।

- सरकार ने पेरासिटामोल दवा के उत्पादन के लिए सीएसआईआर के स्वदेशी तकनीक के विकास की घोषणा की।

- इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा डिजिटल निजी डेटा संरक्षण नियमों का मसौदा जारी किया गया है।

- दक्षिण अंडमान के उप–पंजीयक कार्यालय ने स्टाम्प ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क संग्रह में अब तक की सर्वोच्च उपलब्धि हासिल की है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में द्वीप पर्यटन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन शाम के समय लोगों की भीड़ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनन्द लेने के लिए प्रदर्शनी मैदान और मरीन एस्पलेनेड में पहुंच रही हैं। लोगों ने कल स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों द्वारा प्रस्तुत नृत्य और गीत–संगीत के कार्यक्रमों का आनन्द उठाया। कल शनिवार होने के कारण लोगों की भारी भीड़ द्वीप पर्यटन महोत्सव में शामिल हुई। लोगों ने भी कलाकारों के साथ नृत्य और संगीत में साथ देकर उनका हौसला बढ़ाया। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभाग की विकासीय गतिविधियों को दर्शाया गया है। खान–पान के स्टॉलों में भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। आज द्वीप पर्यटन उत्सव का समापन होगा।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा श्री विजयपुरम में प्रथम तिरंगा फहराए जाने की स्मृति में द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में सुभाष मेला का आयोजन किया जा रहा है। छोलदारी में नेताजी सुभाष मेला समिति की ओर से आठ जनवरी तक नेताजी सुभाष मेला आयोजित किया जा रहा है। इस मेले के दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। छोटे बच्चों से लेकर

अन्य कलाकारों द्वारा बेहतरीन कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग मेले का आनन्द उठा रहे हैं और कलाकारों द्वारा दर्शकों का भरपूर मनोरंजन भी किया जा रहा है। बड़े से मैदान में कई विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए हैं। बच्चों के मनोरंजन के लिए खेलकूद के सामान उपलब्ध कराए गए हैं और अन्य प्रकार के स्टॉल भी लगाए गए हैं। कल आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवा के उप निदेशक डॉक्टर अविजीत रॉय मुख्य अतिथि थे। उन्होंने आयोजन समिति को भव्य तरीके से मेला आयोजित करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। सम्माननीय अतिथि आकाशवाणी श्री विजयपुरम से अवकाश प्राप्त समाचार वाचक राकेश चन्द्र लाल ने अपने संबोधन में नेताजी द्वारा श्री विजयपुरम में प्रथम तिरंगा फहराए जाने के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस एक महान क्रांतिकारी थे, जिन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन किया था और द्वीपसमूह में प्रथम तिरंगा फहराकर इतिहास के पन्नों में अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह का नाम दर्ज कराया था। इस अवसर पर गुप्तापाड़ा पंचायत प्रधान दुर्लभ दास के अलावा पंचायत समिति सदस्य चैताली राय और मेला समिति सदस्य मोहन हलदार भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने कल घोषणा की है कि वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद ने बुखार कम करने और दर्द से राहत प्रदान करने में व्यापक रूप से इस्तेमाल होने वाली पैरासिटामोल औषधि के उत्पादन के लिए एक स्वदेशी तकनीक विकसित की है। श्री सिंह ने कहा कि इस नवाचार का उद्देश्य इस औषधि को बनाने के लिए आयातित तत्वों पर निर्भरता कम करने और पैरासिटामोल के विनिर्माण में भारत को आत्मनिर्भर बनाना है।

<><><><><><><>

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि वह पिछले कुछ हफ्तों में चीन में फैले एचएमपी वायरस पर कड़ी निगरानी रख रहा है। मंत्रालय ने लोगों को भी सावधानी बरतने को कहा है। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, एचएमपी वायरस के परीक्षण के लिए प्रयोगशालाओं की संख्या में वृद्धि करेगी और समूचे वर्ष के दौरान इस वायरस की प्रवृत्तियों पर निगरानी सुनिश्चित करेगी।

<><><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा डिजिटल निजी डेटा संरक्षण नियमों का मसौदा जारी किया गया है, जिसका उद्देश्य नागरिकों के निजी डेटा की सुरक्षा के अधिकारों की रक्षा करना है। सरकार ने कहा है कि यह नियम तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था में नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए बनाए गए हैं। इसमें डाटा के अनाधिकृत उपयोग डिजिटल नुकसान और व्यक्तिगत डेटा उल्लंघन जैसी विशेष चुनौतियों के समाधान का भी प्रावधान है। नियम नागरिकों को उनके डेटा पर अधिक नियंत्रण देकर उन्हें सशक्त बनाते हैं। शिकायत निवारण जैसे प्रावधान भी डिजिटल प्लेटफार्म में विश्वास बढ़ाते हैं। नागरिक जुड़ाव के महत्व को देखते हुए सरकार ने एक व्यापक जागरूकता अभियान की भी योजना बनाई है। यह पहल नागरिकों को नए ढ़ाचे के तहत उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में शिक्षित करेगी, जिससे डाटा जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा साथ ही डिजिटल व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को भी दर्शाते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के उप–पंजीयक कार्यालय ने बाईस अक्तूबर दो हजार उन्नीस को ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली के कार्यान्वयन के बाद से दिसंबर दो हजार चौबीस के लिए स्टाम्प ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क संग्रह में अब तक की सर्वोच्च उपलब्धि हासिल की है। दिसंबर दो हजार चौबीस में, कार्यालय ने दिसंबर दो हजार तेईस की तुलना में राजस्व संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की। स्टाम्प ड्यूटी में चार करोड़ तिरपन लाख चवालिस हज़ार पांच सौ छियालिस रूपए और पंजीकरण शुल्क में सतानब्बे लाख इक्यावन हज़ार तीन सौ अट्ठासी रूपए की वृद्धि दर्ज़ की गई। यह उपलब्धि कार्यालय द्वारा जनता की सुविधा को बढ़ाने और पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए किए जा रहे, प्रयासों को दर्शाती है। सेवा दक्षता में और सुधार करने के लिए, राष्ट्रीय सामान्य दस्तावेज़ पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से सभी प्रकार के कार्यों के लिए उपलब्ध ऑनलाइन पंजीकरण स्लॉट की संख्या–आठ से बढ़ाकर बारह स्लॉट प्रतिदिन कर दी गई है। इस वृद्धि का उद्देश्य पंजीकरण के लिए भीड़ को कम करना, पहले से अपॉइंटमेंट की तारीखें प्रदान करना, तेज़ और सुचारू पंजीकरण सेवाएँ सुनिश्चित करना और सभी कार्यों का समय पर निपटान करना शामिल है।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभी पूर्व शिक्षक प्रशिक्षुओं के लिए बी.एड. प्रथम और द्वितीय वर्ष के बकाया पेपरों के लिए सत्ताईस जनवरी, से थ्योरी परीक्षा आयोजित करने की समय–सारणी टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय ने जारी कर दी है। बी.एड. प्रथम और द्वितीय वर्ष के इच्छुक पूर्व शिक्षक प्रशिक्षुओं को बकाया पेपरों के विवरण और अपेक्षित परीक्षा शुल्क के साथ नौ जनवरी से पहले कॉलेज में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

छूटे हुए राशन कार्ड लाभार्थियों को इक्तीस जनवरी तक अपना ई–केवाईसी अपडेट करने और अत्यधिक किराया वसलूने के खिलाफ ऑटो रिक्शा परमिट धारकों को चेतावनी देने के समाचार को द्वीप समाचार ने अपने प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। द्वीप पर्यटन महोत्सव के कल समापन होने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाई है। फिट इंडिया सप्ताह के उपलक्ष्य में एसएआई द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित करने के समाचार को इंफो इंडिया ने अपने समाचार पृष्ठ में जगह दी है, जबकि हटबे में सरकारी भूमि से अतिकमण हटाए जाने के समाचार को अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने अंतिम पृष्ठ में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>